उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : मुख्यपीठ जबलपुर

// आदेश //

क्रमांक C/824 / जबलपुर, दिनांक 05 / 02 (03) / 2022

श्री राजेश कुमार नागले, जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर के विरूद्ध प्रकरण विविध अपील क्रमांक 2342/2014 (रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड व अन्य विरूद्ध यदैया) का उच्च न्यायालय भाग आपके आधिपत्य से गुम करने कदाचार के आरोप पर रजिस्ट्री आदेश क्रमांक डी/2508/दो-14-13/2021, जबलपुर दिनांक 27.07.2021 द्वारा विभागीय जांच की गई।

यह कि विभागीय जांच में जांचकर्ता अधिकारी की रिपोर्ट दिनांक 30.09.2021 में आपके विरूद्ध लगाये गये आरोप सिद्ध पाये जाने तथा रजिस्ट्री के कारण बताओ नोटिस क्रमांक ए/4252/दो-14-13/2021, जबलपुर दिनांक 16.11.2021 के तारतम्य में आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब दिनांक 03.12.2021 पर विचारोपरांत तथा जांचकर्ता अधिकारी की रिपोर्ट दिनांक 04.05.2021 से सहमत होते हुये, आपको आरोप पत्र में उल्लेखित कदाचार का दोषी पाते हुये मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(चार) सहपठित उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश सेवा (भर्ती, सेवा की सामान्य शर्तें, आचरण, वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 2017 के नियम 16(1) के अंतर्गत आपकी आगामी देय दो वार्षिक वेतनवृद्धियां भविष्य की वेतनवृद्धियों को अप्रभावित करते हुए (Without Cumulative Effect) रोके जाने के दंड से दंडित किया जाता है।

(हस्ताक्षर) 03.03.22

(कृष्णमूर्ति मिश्र)

रजिस्ट्रार जनरल

पृष्ठांकन क्रमांक C/825 / जबलपुर, दिनांक 05/02 (03)/2022

प्रतिलिपि :-

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर, इंदौर म.प्र.,
2. रजिस्ट्रार प्रशासन/आई.एल., उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
3. एस.पी.एस.ए.(एस.ए.) उच्च न्यायालय म.प्र, जबलपुर की ओर आदेश की प्रति उच्च न्यायालय म.प्र. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
4. श्री ए.व्ही. मण्डलोई, रजिस्ट्रार(एम.)/जांचकर्ता अधिकारी, उच्च न्यायालय म.प्र. खण्डपीठ इंदौर,
5. असिस्टेंट रजिस्ट्रार (ई.) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर,
6. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
7. एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर (स्था.)/पेंशन, उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
8. सहायक स्थापना/सेवा पुस्तिका, उच्च न्यायालय म.प्र., जबलपुर,
9. ऑफिस टायपिस्ट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
10. श्री राजेश कुमार नागले, जुडिशियल असिस्टेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर, म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(हस्ताक्षर) 4.3.22

(नरसिंह बघेल)

रजिस्ट्रार (इंस्पेक्शन)